INTERNATIONAL INDIAN SCHOOL RIYADH

SA-2 - WORKSHEET -2016- 17

STD -VII

## 1. मिठाई वाला - कहानी से

प्रश्न 1- मिठाई वाला अलग -अलग चीजें क्यों बेचता था ? और वह महीनों के बाद क्यों आता था ?

प्रश्न 2- मिठाई वाले में वे कौन -कौन से गुण थे जिनकी वजह से बच्चे तो बच्चे बड़े भी उनकी ओर खींचे चले आते थे ?

प्रश्न 4 -खिलौने वाले के आने पर बच्चों की क्या प्रतिक्रिया होती थी ?

प्रश्न 7- "अब इस बार पैसे न लूँगा"कहानी के अंत में ऐसा क्यों कहा ?

---

## 2. रक्त और हमारा शरीर

प्रश्न 1- रक्त के बहाव को रोकने के लिए क्या करना चाहिए ?

प्रश्न 3- एनीमिया से बचने के लिए हमे क्या खाना चाहिए ?

प्रश्न 4- पेट में कीड़े क्यों हो जाते हैं ?इनसे से कैसे बचा जा सकता है ?

प्रश्न 5- रक्त के सफेद कणों को "वीर सिपाही क्यों कहा जाता है ?

प्रश्न 6- ब्लड बैंक में रक्तदान से क्या लाभ है ?

---

## 3- चिड़िया की बच्ची

प्रश्न 1- किन बातो से ज्ञात होता है कि माधव दास का जीवन सम्पनता से भरा था और किन बातों से ज्ञात होता है कि वह सुखी नही था ?

प्रश्न 2- माधव दास क्यों बार- बार चिड़िया से कहता कि यह बगीचा तुम्हारा ही है ? क्या

माधव दास निःस्वार्थ मन से ऐसा कह रहा था ? स्पष्ट कीजिये ।

प्रश्न ६- इस कहानी का कोई शीर्षक देना हो तो आप क्या देना चाहेंगे और क्यों ?

---

## 4- खानपान की बदलती तस्वीर

प्रश्न -1- खानपान की मिश्रित संस्कृति से लेखक का क्या मतलब है ?

अपने घर का उदाहरण दे कर इसकी व्याख्या करें ।

प्रश्न 2- खानपान में बदलाव से कौन से फायदे हैं ?फिर लेखक इस बदलाव को ले कर क्यों चिंतित है ?

प्रश्न 3- खानपान के मामले में स्थानीयता का क्या अर्थ है

---

## 5.नीलकंठ

प्रश्न 1- मोर -मोरनी के नाम किस आधार पर रखे गए थे ?

प्रश्न 2- जाली के बड़े घर में पहुँचने पर मोर के बच्चों का किस प्रकार स्वागत हुआ ?

प्रश्न 3-लेखिका को नीलकंठ की कौन -कौन से चेष्टाएँ बहुत भाती थी ?

प्रश्न 6- जालीघर में रहनेवाले सभी जीव एक दूसरे के मित्र बन गए थे ,पर कुब्जा के साथ ऐसा सम्भव क्यों नही हो पाया ?

---

## 6- धनराज- साक्षात्कार से

प्रश्न १- साक्षात्कार पढ़ कर आपके मन में धनराज पिल्लै की कैसी छवि उभरती है ?वर्णन कीजिये ।

प्रश्न ३- 'मेरी माँ ने मुझे अपनी प्रसिद्धि को विनम्रता से सँभालने की सीख दी है '

धनराज पिल्लै की इस बात का क्या अर्थ है ?

---

## 7- रहीम के दोहे -

व्याख्या -

1.कवि रहीम संपति सगे ,बनत बहुत बहु रीत ।

विपत्ति कसौटी जे कसे , तेई सांचे मीत ।।

4- थोथे बादर क्वार के ज्योरहीम घहरात ।

धनी पुरुष निर्धन भए,करे पाछिलि बात ।।

5. धरती की सी रीत है ,सीत घाम और मेह।

जैसी पर सो सही रहे त्यों रहीम यह देह ।।

---

## 8- कंचा

प्रश्न 1- कंचे जब जार से निकल कर अप्पू के मन की कल्पना में समा जाते हैं ,तब क्या होता है ?

प्रश्न 2- दुकानदार और ड्राइवर के सामने अप्पू की क्या स्थिति है ? वे दोनों उसको देख कर पहले परेशान होते हैं , फिर हँसते हैं । कारण बताइये ।

## व्याकरण

1- अनुच्छेद - पराधीन को सुख कहाँ

2- पत्र - विद्यालय में पुस्तकें मंगवाने के लिए प्रधानाचार्य को पत्र

3- अनेकार्थक शब्द -

1. अंक 2. अंग 3. अंतर 4. अनंत 5.अम्बर

6.अक्षर 7.अर्थ 8. अधर 9. कनक 10. कर

11. कर्ण 12. कला 13. काल 14 .कृष्ण 15.गुण

## 4- लिंग अभ्यास

I. निम्नलिखित शब्दो में से पुल्लिंग तथा स्रीलिंग शब्द अलग -अलग कर के लिखिए ।

[1]. पुरुष [2] गिलहरी [3] बालक [4] चींटी

[5] युवक [6] कोयल [7] वृद्ध [8] गाय

[9] सांड [10] ऊंटनी [11] हाथी [12] चींटा

[13] हथिनी [14] बकरा [15] शेरनी [16] मकड़ा

[17] शेर [18] सर्पिणी [19] मगरमच्छ [20] चील

[21] गीदड़ [ 22] स्त्री [23] गायिका [24] बालिका

[25] मोरनी [26] जिराफ [27] .भालू [28] दीदी

[29] भेड़ [30] लस्सी

II. निम्नलिखित शब्दो में से पुल्लिंग शब्द छांटकर लिखिए ।

1 [क] गिलहरी [ख] मच्छर [ग] कोयल [घ] गाय

2. [क] हाथी [ख] भैंस [ग] चील [घ] चींटी

3. [क] युवती [ख] वृद्ध [ग] वृद्धा [घ] ललिता

III.निम्नलिखित शब्दो में से स्त्रीलिंग शब्द छांट कर लिखिए ।

1. [क] मोर [ख] युवक [ग] हथिनी [घ] नेता

2. [क] नायक [ख] लड़का [ग] बेटी [घ] गीदड़

3. [क] मछली [ख] मगरमच्छ [ग] शेर [घ] भौंरा

4. [क] हिरन [ख] फूल [ग] तितली [घ] भौंरा

5. [क] सांप [ख] सियार [ग] हंस [घ] भेड़

## 5. अशुद्ध - शुद्ध -

### I. निम्नलिखित शब्दो को शुद्ध कीजिए ।

[i ]गाँधी [ii] कविता [iii] आँचल [iv] दवाइयां

[v] चिन्ह [vi] बारात [vii] रिषि [viii] आधीन

[ix] परिक्षा [x] आशीर्वाद

### II.. निम्नलिखित वाक्यो को शुद्ध कीजिए ।

[i] इमली कड़वी है ।

[ii] जूता फट गई।

[iii] हम आपको समझाए थे ।

[iii] बच्चे को उबाल कर दूध पिलाओ ।

[vi] हम सब कल जावेंगी ।

[v] मेरे को उधर जाना है ।

## 6. विशेषण - परिभाषा तथा उदाहरण

### 1. वाक्यो में आए विशेषण शब्द छांटिए ।

[i] खेत में हरी घांस है ।

[ii] बूढी औरत धीरे - धीरे चलती है ।

[iii] मीना ने लाल सूट पहना है ।

[vi] पिताजी तीन किलो आम लाए ।

[v] मेरे मालिक दयालु हैं ।

## 2. उचित विशेषण द्वारा रिक्त स्थानों की पूर्ति करे ।

[i] खेत में --------सरसो बहुत अच्छी लगती है ।

[ii] कोयल का रंग -------होता है ।

[iii] ---------कमीज़ मेरी है ।

[vi] मेरे दरवाज़े के सामने पीपल का एक ------------पेड़ है ।

[v] मेरी बेटी को --------------जामुन पसंद है ।

## 7. अपठित गद्यांश

भारत में शिक्षित बेरोज़गार ,संख्या में अशिक्षित बेकारों से काफी कम है , फिर भी उनकी समस्या अधिक भयानक है |इसका प्रमुख कारण हमारी शिक्षा -पद्धत्ति का दोषपूर्ण होना है| |वर्तमान शिक्षा पद्धति युवको में धन ,पद ,और सम्मान की आकांक्षा जगा देती है | लेकिन उन्हें श्रमशील नही बनाती |किसान का बेटा भी नगरो में दफ्तरों की नौकरी ढूढता है ,मगर गाँव वापस जा कर खेती -बाड़ी नही करना चाहता |इस संबंध में हमारे समाज का दृष्टिकोण भी दोषपूर्ण है | हमारा समाज साधारण रूप से सफेदपोश नौकरी को ही अधिक महत्व देता है और शारीरिक श्रम वाले कार्यो को हीन समझता है| अगर हम अपने दृष्टिकोण में सुधार ला सके तो शिक्षित बेकारों की समस्या हल करना सरल हो जाएगा ||

प्रश्न i- भारत में किसकी समस्या अधिक भयानक है ?

प्रश्न ii. वर्तमान शिक्षा पद्धति का दोष क्या है

प्रश्न iii. हमारे समाज का दृष्टिकोण दोषपूर्ण क्यों है ?

प्रश्न vi. शिक्षित बेकारों की समस्या का हल किस प्रकार निकाला जा सकता है ?

प्रश्न v.. प्रस्तुत गद्यांश का कोई उपयुक्त शीर्षक दीजिये ।

8. निम्नलिखित काव्यांशों को पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिये ।

माँ ;ये लहरे भी गाती हैं

कल-कल ,छल-छल के मधुर स्वर में

अपना गीत सुनाती हैं ।

मैं कब से बुला रही इनको

पर मेरे पास नही आती

कुछ खेल खेलती इसीलिए

तट तक आकर फिर भाग जाती

मैं चलूँ, साथ खेलूं इनके

देखो ये मुझे बुलाती हैं ।

माँ ' ये लहरें भी गाती हैं ।।

प्रश्न i - लहरें क्या सुनाती हैं और किस प्रकार ?

प्रश्न ii- कौन किसे बुला रहा है ?

प्रश्न iii- कौन -किसलिए तट तक आकर भाग जाता है ?

प्रश्न vi. -कवि का मन क्या करने के लिए उत्सुक है ?

प्रश्न v. -काव्यांश के लिए उपयुक्त शीर्षक दीजिये ।

---